## खबर संक्षेप

### दो नाबालिक बच्चियों को बिछिया पुलिस ने जबलपुर से किया दस्तयाब

**मण्डला।** नाबालिक बच्चियो के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उचित समाधान करने के निर्देश पुलिस अधीक्षक मण्डला के द्वारा सभी थाना एवं चौकी प्रभारी को दिए गए थे। इसी तारतम्य में दिनांक 22.10.2024 को नाबालिक बच्चियो के घर से बिना बताए चले जाने तथा अपहरण की शंका की सूचना के संबंध में रिपोर्ट प्राप्त होने पर थाना बिछिया में अपराध क्रमांक 398/2024,धारा 137(2)बीएनएस का एवं 399/2024 धारा 137(2)बीएस का अपराध पंजीबद्ध कर मामले में तत्काल कार्यवाही करते हुए दोनों नाबालिग की तलाश एवं पतासाजी की गई , जिले के सभी सरहदी जिलो के पुलिस स्टेशन से संपर्क कर लगातार तलाश पतासाजी करते हुए थाना प्रभारी बिछिया धर्मेंद्र सिंह धुर्वे के हमराह आरक्षक 229 अरविंद बर्मन एवं महिला आरक्षक सुलोचना 632 द्वारा जबलपुर पहुंच रेलवे स्टेशन जबलपुर से नाबालिक उम्र 13 साल 11 माह एवं नाबालिक उम्र 16 साल 6 माह को दस्तयाब किया जाकर आज दिनांक 29/10/2024 को दोनों बच्चियों को कार्यवाही बाद उनके परिजनों के सुपूर्द किया गया।

### थाना कोतवाली पुलिस की जुऑ फड़ पर दबीश, ताश के पत्ते व 9 हजार 8 सौ रूपये जब्त

**मण्डला।** थाना कोतवाली पुलिस को भ्रमण के दौरान दिनांक 28 अक्टूबर 2024 की रात्री में सूचना मिली की थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टिकरिया में ताश पत्तों पर हार जीत का दॉव लगाकर खेल रहें हैं। उक्त सुचना पर टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बताये गये स्थान ग्राम टिकरिया थाना कोतवाली में दबीश दी गई। जहाँ 06 व्यक्ति ताश पत्ती पर रूपये पैसो का दाव लगाकर हार जीत का खेल रहें थे। दबीश में सभी आरोपियों से उनका नाम पता पुछकर फड़ से ताश के पत्ते एवं फड़ से 9 हजार 800 रूपये जब्त कर सभी 06 आरोपियों के विरूद्ध थाना कोतवाली में जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए धारा 13 के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान के नेतृत्व में सउनि भुवनेश्वर वामनकर, आरक्षक अमित गरयार , रमेश सिंगरौरे, सुन्दर भलावी,संदीप परते, मधुर , दिनेश शामिल रहे।

## घर-घर होगा लक्ष्मी पूजन और रात्रि में आतिशबाजी

# दीपों का पर्व दीपावली आज

*** तिथि को लेकर असमंजस बरकरार।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दीपों का पर्व दीपावली कार्तिक अमावस्या को मनाई जाती है चूंकि अमावस्या दो तिथियों में है लिहाजा दीपावली पूजन को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है हालांकि बताया यह जा रहा है कि दीपावली का पूजन रात्रि को ही होता है लिहाजा अधिकांश लोग आज 31 अक्टूबर को ही दीपावली मना रहे हैं कुछ लोग कल एक 01 नवम्बर को दीपावली मनायेंगे। 02 नवम्बर दिन शनिवार को गोबर्धन पूजा होगी एवं 03 नवम्बर रविवार को भाईदूज मनाया जायेगा।

धन और सौभाग्य की अधिष्ठात्री महालक्ष्मी को प्रसन्न करने का यह खास दिवस है। प्रदोष काल में स्थिर लग्न में मां महालक्ष्मी की पूजा अतिफलदायी मानी जाती है। श्रद्धालु शुभ के देवता गणेश, लाभ की देवी महालक्ष्मी और धन के देवता कुबेर की पूजा-अर्चना करेंगे। मां लक्ष्मी के स्वागत के लिए हर तबका अपनी-अपनी तैयारी कर रहा है। मां को प्रसन्न करने के लिए हर तरह के जतन किए जा रहे हैं। घरों की साफ-सफाई के साथ आसपास में भी सफाई हो रही है। घरों की खास सजावट की तैयारी है।

दीपावली पर दीपक पूजन करने से देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। इस दिन लक्ष्मी पूजा से पहले कलश, भगवान गणेश, विष्णु, इंद्र, कुबेर और देवी सरस्वती की पूजा की परंपरा है।



### पुरातन काल से दीवाली की परंपरा

रामायण और महाभारत काल से ही देश में दीपावली की परंपरा है। मान्यता है कि भगवान राम के 14 वर्ष के वनवास से वापस अयोध्या लौटने और पांडवों के 13 वर्ष के वनवास-अज्ञातवास से लौटने पर लोगों ने दीप जलाकर अपनी खुशी का इजहार किया था। स्कंध पुराण,विष्णु पुराण के मुताबिक भगवान विष्णु और श्री लक्ष्मी के विवाह के उपलक्ष्य में दीपावली मनायी जाती है।

### रंगोली से मिलती है लक्ष्मी की कृपा

दीपावली जैसे शुभ अवसर पर तो घर-आंगन एवं प्रवेश द्वारों के साथ-साथ लक्ष्मी-पूजन स्थल पर भी रंगोली सुसज्जित करने का अलग ही आनंद है। रंगोली सजाने का मुख्य भाव यही रहता है कि घर पर लक्ष्मी की कृपा हो, घर-आंगन सुख, समृद्धि एवं वैभव से भरा रहे, भंडार पूर्ण रहे। रंगोली या मांडना हमारी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति की समृद्धि के प्रतीक हैं, इसलिए चौंसठ कलाओं में मांडना को भी स्थान प्राप्त है। रंगोली को आध्यात्मिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग माना गया है। तभी तो विभिन्ना हवनों एवं यज्ञों में वेदी का निर्माण करते समय भी मांडने बनाए जाते हैं। विवाह मंडपों में भी मांडने बनाना हमारी संस्कृति की परंपरा रही है। पूजा-पाठ और शुभ-अवसरों पर फर्श तथा दीवारों की रंगारंग सज्जा करने से ह्रदय में कल्याणकारी भावनाएं प्रस्फुटित होती हैं तथा उत्सव का सा माहौल तैयार हो जाता है।

### अलग-अलग नामों से प्रचलित

हमारे देश में लगभग सभी प्रांतों में मांडना-कला प्रचलित है, परंतु इसे हर क्षेत्र में अलग-अलग नामों से जाना जाता है। मध्यप्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात में रंगोली, आंध्रप्रदेश में मुग्गुल, तमिलनाडु में कोलम, हिमाचल प्रदेश में अदूपना, बंगाल में अल्पना, राजस्थान में मांडणा, बिहार में ऐपन तथा उत्तरप्रदेश में चौक-पूरना कहते हैं। चाहे जिस नाम से भी पुकारा जाए परंतु विभिन्न त्योहारों पर रंग-बिरंगे, लुभावने मांडनों से सजे-संवेरे घर-आंगन लोककला की पराकाष्ठा को दर्शाते हैं। मांडने सिर्फ लोक-कला ही नहीं अपितु नारी ह्रदय की भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति भी हैं तभी तो अशिक्षित ग्रामीण महिलाओं के सधे हुए हाथ तथा चित्ताकर्षक रंग-संयोजन किसी को भी चकित कर देते हैं।

### आतिशबाजी के दौरान रखें ध्यान

दीपावली पर्व पर बच्चों के लिये आतिशबाजी एक बड़ा आकर्षण होता है सभी बच्चे फुलझड़ी जलाने एवं फटाखे फोड़ने में ज्यादा उत्साहित रहते हैं फटाखों की आज के समय एक विशाल श्रृंखला मौजूद है जिनमें से अधिकांश खतरों से भरे हुये हैं लिहाजा बच्चे जब आतिशबाजी कर रहें हों तो बड़ों को उनके साथ होना चाहिये ताकि किसी तरह की लापरवाही न हो और दुर्घटना से बचा जा सके। कभी-कभी अति उत्साह में बड़े भी गलती कर जाते हैं और अनारदाना एवं रॉकेट जलाने में अपने हाथों का ही उपयोग करने लग जाते हैं यानि हाथ में ही अनारदाना रखकर जलाना अपनी शान समझते हैं जो बेहत खतरनाक है अधिकांश अनारदाना फटकर ऐसे लोगों को घायल कर सकती है।





## माध्यमिक शाला ठरका में हर्षोल्लास के साथ मनी दीपावली



*** भजन और गीतों के द्वारा किया गया माता लक्ष्मी जी का वंदन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

माध्यमिक शाला ठरका में कक्षा 1 से लेकर 8 तक के छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक श्रीमती साधना चक्रवर्ती, श्रीमती सुनीता हरदह। श्रीमती सारिका पटेल , मयंक जी, ने दीपावली का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगोली डाली गई दीप प्रज्वलित किये गए भजन और गीतों के द्वारा माता लक्ष्मी जी का वंदन किया गया दीपावली के बारे में निबंध लेखन किया गया शिक्षिकाओं ने बच्चों को दीपावली का महत्व बतलाया साथ ही धनतेरस रूप चौदस दीपावली गोवर्धन पूजा और भाई दूज की से जुड़ी कहानी बतलाई दीपावली बनाने का वैज्ञानिक और पौराणिक कारण बताया साफ सफाई और स्वच्छता का महत्व बतलाया गया बच्चों को पटाखों से दूर रहने की सलाह दी गई।

सतयुग में कार्तिक मास की अमावस्या के दिन माता लक्ष्मी का जन्म हुआ था इसलिए इस दिन लक्ष्मी माता की पूजा की जाती है त्रेता युग में भगवान राम इसी दिन 14 वर्ष के वनवास के पश्चात अयोध्या लौट कर आए।



**प्रतियोगिता** | **12 संचों के विजेता प्रतिभागियों ने लिया भाग।**

# एकल अभियान की वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित

*** प्रमाण पत्र के साथ पारितोषक भी भेंट किये गये।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



महाकौशल संभाग भाग रेवांचल एकल अभियान अंचल मण्डला वार्षिक अभ्युदय यूथ क्लब खेलकूद प्रतियोगिता के तत्वाधान में विगत दिवस जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया यह प्रतियोगिता पुलिस लाइन ग्राउंड मंडला में आयोजित की गई 12 संच के कार्यकर्ता तथा प्रतिभागी बच्चे इस प्रतियोगिता में जी-तोड़ मेहनत के साथ खेलों में अपना प्रतिभा को प्रदर्शित किया।

प्रतियोगिता के अंतर्गत दौड़ जिसमें 100 मीटर-200 मीटर, 400 मीटर इसके साथ ही ऊंची कूद एवं लम्बी कूद प्रतियोगियें रखी गई जिसमें बालक एवं बालिका दोनों वर्ग शामिल थे इसके साथ ही कबड्डी प्रतियोगिता भी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। कबड्डी बालक वर्ग में प्रथम विजेता संच निवास की टीम ने अंचल मंडला में अपना इतिहास रचा तथा उपविजेता के रूप में संच बीजाडांडी ने खिताब जीता। कबड्डी बालिका वर्ग में प्रथम विजेता के रूप में संच चाबी की बालिकाओं ने अपनी सुंदर प्रतिभा कला प्रदर्शन की तथा उपविजेता के रूप में संच मवई ग्रामीण क्षेत्र के बच्चियों ने अपनी प्रतिभा को प्रदर्शन किया बालिकाओं की कबड्डी खेल को सराहा गया 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग 100 मी बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ बालक बालिका 400 मीटर दौड़ बालक बालिका लंबी कूद, ऊंची कूद, कुश्ती तथा योग व्यायाम प्रतियोगिता, योग प्रतियोगिता में आचार्य कार्यकर्ताओं ने अपनी सुंदर योगा प्रस्तुत कर विजय प्राप्त किया तथा सर्टिफिकेट शील्ड मेडल एवं प्रमाण पत्र अंचल समिति की मार्गदर्शन सहयोग से सभी कार्यकर्ताओं को खेल को खिलाड़ी भावना से खेलने खिलाने जैसे निष्पक्ष भाव से निर्णय देने का एवं बच्चों को खेल के माध्यम से उज्जवल भविष्य शारीरिक मानसिक विकास जैसे ऊर्जावान मार्गदर्शन प्राप्त हुआ एकल अभियान अंचल मंडला अंचल अध्यक्ष आनंद सोनी अंचल सचिव प्रदीप सिंह अनिल मिश्रा कोषाध्यक्ष अंचल समिति मंडला आशीष पटेल अंचल खेल शारीरिक युवा प्रभारी नीरज अग्रवाल पत्रकार संघ अध्यक्ष कैलाश डेहरिया संच कोषाध्यक्ष संच बिछिया श्रीमती प्रिया धुर्वे महिला समिति अध्यक्ष अंचल मंडला श्रीमती मीनाक्षी यादव मंडला महिला समिति सुनीता श्रीमती शीतल वैष्णव हरि कथासचिव श्रीमती उमा यादव हरि कथा अध्यक्ष श्रीमती बबीता अधिकारी हरि कथा उपाध्यक्ष श्रीमती शिखा श्रीवास्तव अंचल समिति मंडला श्रीमती शारदा कुशवाहा (अंचल मां) सुश्री शिवानी शिवहरे आरोग्य प्रभारी योगा टीचर एवं प्रभाग से सुश्री दीपिका पटले प्रभाग ग्रामोत्थान महिला समिति की गरिमामई उपस्थित तथा अंचल टोली से अर्जुन सिंह वाटिका (अंचल अभियान प्रमुख) नंदकिशोर यादव (अंचल कार्यालय प्रमुख) संजय मरावी (प्राथमिक शिक्षा प्रशिक्षण प्रमुख) नरेश कुमार भांवरे (अंचल खेल शारीरिक प्रमुख) 12 संच के सभी पूर्ण कालिक कार्यकर्ता एवं जिला खेल परिसर कोच आकाश खत्री सूर्य प्रकाश नंदा देवेंद्र सरोते इशांत मिश्रा तथा एकल अभियान अंचल समिति मंडला के समस्त समिति पदाधिकारियों एवं नगर की प्रतिष्ठित व्यक्तियों का सहयोग मार्गदर्शन मैं कार्यक्रम बहुत हर्ष उल्लास उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ।



## ठेकेदार श्री नवीन चौरसिया की अमानत राशि 3 लाख 96 हजार राजसात की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के द्वारा दीपावली पर्व पर जिले के ग्रामीण एवं दूर दराज के अंचलों से मिट्टी के दीपक तैयार कर विक्रय किये जाने पर शुल्क नहीं लिये जाने के आदेश जारी किए गए थे। जिससे जिले के सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के बाजारों में कुम्हार अपने मिट्टी के दीपक का विक्रय कर सकें। उक्त आदेश के बावजूद भी मंडला जिले के हिरदेनगर हाट बाजार में कुम्हारों से अनाधिकृत रूप से राशि वसूलने की खबर प्राप्त हुई थी। उक्त आदेश के परिपालन में हिरदेनगर हाट बाजार में कुम्हारों के द्वारा दीपावली पर्व पर तैयार किये गये मिट्टी के दीपक पर अनाधिकृत रूप से राशि वसूलने की खबर पर ठेकेदार श्री नवीन चौरसिया के विरूद्ध जांच टीम गठित कर जांच कराई गई। उक्त खबर जांच में सत्य पाई गई। उक्त खबर सत्य पाये जाने पर ठेकेदार श्री नवीन चौरसिया ग्राम हिरदेनगर के द्वारा जमा अमानत राशि 3.96 लाख रूपये राजसात जप्त की जाकर दण्डित किया गया है।

## हाई टेंशन लाइन के चपेट में आने से एक की मौत

**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत नारायणगंज की साप्ताहिक बाजार आज होने के कारण ट्रांसपोर्ट की गाड़ी में हेल्पर का काम कर रहा युवक अनीश पिता देवी सिंह मरावी 18 वर्ष थाना टिकरिया शुक्ला ट्रांसपोर्ट की गाड़ी के पाल को ठीक करने के कारण हाई टेंशन लाइन में पाल आने के कारण घटना हो गई जिसमें अनीष को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारायणगंज लाया गया जिसमें डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की विवेचना थाना प्रभारी गोपाल घोसले द्वारा की जा रही है।

## सघन चैकिंग अभियान के अंतर्गत दस बसों पर कार्यवाही की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में जिले में नियम विरूद्ध संचालित वाहनों की चैंकिग का अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी के द्वारा उक्त निर्देशों के तहत सोमवार को मण्डला से डिण्डोरी तथा मण्डला से जबलपुर मार्ग पर वाहनों की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान 25 वाहनों की जांच की गई, जिसमें फिटनेस, परमिट, बीमा, पीयूसी, अग्निशमन यंत्र, फर्स्टएड बॉक्स, ओव्हरलोडिंग एवं अधिक किराया लेने के संबंध में जांच की गई। नियम विरूद्ध चल रही 10 बसों पर मोटरयान अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत 21 हजार 500 रूपए का समन शुल्क वसूला गया। चैकिंग अभियान में जिला परिवहन कार्यालय मण्डला से राहुल उइके, जयप्रकाश उपाध्याय और अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि इस प्रकार से वाहन चैकिंग का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## खबर संक्षेप

### शहीद जवानों को दीप जलाकर दी श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** समीपस्थ करेली पुलिस थाने में पदस्थ ए एस आई बाबूराम बरकडे जो रात्रि के दौरान अपनी डियूटी कर रहे थें उसी दौरान अचानक ट्रेन दुर्घटना में शहीद होने के साथ साथ प्रदेश में अलग अलग जगहों पर अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के दौरान शहिद हुये पुलिस साथियों को याद करते हुये बीते हुये दिवस सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक सहित अपने पुलिस थाने के सभी पुलिस कर्मियों के साथ मिलकर नगर के शहीद स्मारक पर दीप जलाकर शहीद बीर जवानों को याद करने के साथ दो मिनिट का मौन रखते हुये श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये।

### नगर के पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में आये दिन जाम लगने से हो रही लोग परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** यह बात अलग है कि प्रशासन द्वारा नगर में हर वर्ष अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाती है, मगर इस मुहिम का परिणाम इस प्रकार से देखने मिला है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटे मोटे लोगों को हटाते हुए बड़े प्रभावशाली लोगों को जिस प्रकार से अभय दान दिया जाता है कि उसके चलते न तो नगर को अतिक्रमण से मुक्ति मिल पा रही है और नही नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है? क्योंकि अतिक्रमण के चलते खाली होने वाली भूमि को भी प्रशासन द्वारा सुरक्षित करने में बरती जाने वाली कोताही का परिणाम है कि अतिक्रमणकारी चंद दिनों बात उस स्थल पर पुनः अपना कब्जा जमाने से नही चूकते है, कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के पुराना बस स्टेन्ड के पास देखने मिल रही है। जहां पर मुख्य मार्ग सहित सड़क के आसपास हुये अतिक्रमण का परिणाम है कि इस क्षेत्र में आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है? इतना ही नही इस क्षेत्र में यदि अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ लोगों द्वारा नाली पर तक पक्का निर्माण करते हुए अपना कब्जा जमा लिया गया है, जिसके चलते बताया जाता है कि उनके पास पट्टा है? मगर अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि क्या नाली के ऊपर निर्माण करने के लिए पट्टा प्रदान किया जा सकता है जो जांच का विषय बना हुआ है।

### कागजों में दबकर समाप्त हो जाती है शासन की अनेक योजनाएं

**सांईखेड़ा।** राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्ययोजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है? सही मायने में देखा जावे तो योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है, इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है? क्योंकि कागजी आंकड़ों मे योजनाओं को सफल बता दिया जाता है, इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसरशाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं को नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है परंतु नतीजा शून्य ही होता है? जिस प्रकार से शासन द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान रखते हुये योजनाओं की झड़ी लगा दी परंतु योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दियों द्वारा ही सरकारी योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है जो मात्र कागजों में तो दिखाई दे रही है, इसकी सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखने मिली सकती है। जहां पर कागजो पर तो पंचायत में विकास कार्यो की गाड़ी पूरी तप्तार से दौड़ रही है। मगर सच्चाई कुछ और ही है? क्योंकि देखा जा रहा है कि प्रदेश मे पंचायतीराज, भ्रष्टाचार इर्ष्याद्वेष एवं भाई भतीजावाद के आधार पर चल रहा है,? पंचायतों के माध्यम से जिन योजनाओं के कार्य सौंपे जाते है ।

# धनतेरस के बाद आज दीवाली पर फिर सजेगा बाजार

## जोरदार ग्राहकी की उम्मीद को लेकर व्यापारियों के खिले चेहरे, दीपों से जगमग होकर घर

## घर होगी लक्ष्मी की पूजन, शहर सहित क्षेत्र के हर घर के आंगनों में सजी मनमोहन रंगोली







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

भारतीय संस्कृति की अपार खुशियों, धन की देवी माँ लक्ष्मी की पूजा, अर्चन कर उनका आशीष पाकर प्रसन्नता को हासिल करने वाला दीपावली महापर्व का शुभारंभ बीते हुए मंगलवार यानि की धनतेरस के मौके से शुरू हो चुका है। इस प्रकार दीपों का महा पर्व दीपावली धनतेरस होते ही शहरवासियों में उत्साह से दोपोत्सव मनाने का नया उत्साह जाग गया है और शहर की रंगत पूर्णरूप से रंगीन मालाओं से नहाया हुआ दिखाई पड़ रही है। वही आज दीपावली के चलते घरों में बच्चे जहां बच्चें अपने पापा से नये कपड़े, फटाखे, मिठाई खरीदने की हट करते हुए नजर आ रहे है। वही युवाओं द्वारा चार दिन तक मौज मस्ती करने की दीवानगी दिखाई दे रही है। जहां बीते हुये मंगलवार को धनतेरस पर दीवाली की शुरूआत होने से ही सुबह से शहर का बाजार सज गया था और दोपहर के बाद बाजार में चहल पहल का माहौल दिखाई दे रहा था। वही नए वस्त्र, आभूषण, मिठाईयाँ, फल, सजावट का सामान, धन की देवी माँ लक्ष्मीजी की तस्वीरें, किराना सामग्री, वर्तन, परप्यूम खरीदने लोगों में होड़ मची हुई थी। इसी प्रकार से आज गुरूवार को भारतीय संस्कृति के विशेष पर्व दीपावली हर्षोल्लास से मनाने के लिए जहां पूरी तैयारियाँ देखने मिल रही है तो दूसरी ओर शहर व क्षेत्रवासियों के उत्साह के मद्देनजर बाजार के व्यापारियों ने अपनी दुकानों की निराली साज सज्जा कर ग्राहकों के मन मयूर को नचाने में कोई कसर बाकी नही छोड़ी है। क्योंकि आज दीवाली के मौके पर भी नगर का बाजार जहां पूर्ण सजावट से भरा पूरा रहने की संभावना है तथ लोगों द्वारा आज अपने घरों में शाम के वक्त दीपों से जगमग करते हुए माँ लक्ष्मी का पूजन किया जावेगा। दीवाली के चलते जहां दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठानों को दुल्हन की तरह सजाया गया है, जिसके चलते वाहन खरीदने युवाओं की भीड़ वाहनों की दुकानों पर उमड़ रही है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि बाजार में इलेक्ट्रानिक सामान की दुकानों पर रंग बिरंगी विद्युत मालाएं, बिजली के दीपक व अन्य आकर्षक चीजे जमकर लोग खरीदते हुए देखे गये। चंद्रमा के प्रतीक माने जाने वाले धनतेरस व आज दीवाली के त्यौहार पर वर्तनों की दुकानों पर तो इतनी भीड़ उमड़ रही थी कि वर्तन विक्रेताओं को ग्राहकों को उनके पसंद के वर्तन देना मुश्किल हो रहा था। बताया जाता है कि इस बार धन तेरस पर स्टील के वर्तनों के आलवा महिलाओं में तांबे, कांसे, पीतल के वर्तन खरीदने के लिए विशेष रूझान देखने मिला। क्योंकि उनका मानना है कि धन तेरस पर पीतल, तांबे के वर्तन खरीदना शुभ माना जाता है। धनतेरस व दीपावली पर माँ लक्ष्मी की पूजन सामग्री मौसमी फलो, पुष्पहारों की दुकाने निश्चित लोगों को मन मोहते हुये नजर आ रही है। वही जिस प्रकार से धनतेरस की रात्रि में शहर के गली, मोहल्लों व कालोनियों में हजारों जगमगाते हुए मिट्टी के दीपक शहर की शोभा बढ़ाते हुये नजर आ रहे थें इसी प्रकार आज भी दीपावली के अवसर पर नगर का नजारा देखने मिलेगा। हिन्दू धर्माबलंबियों ने जहां धनतेरस पर यम को दीपदान किया तथा बच्चों व युवाओं को प्रोत्साहित किया कि वे उमंग, उत्साह के साथ दीपावली मनाकर अपनी खुशियों का इजहार धन तेरस के अवसर पर किया गया था। इसी प्रकार से आज दीवाली की शुभ बेला में भी किया जावेगा। आज दीपावली की शुभ मुहुर्त को लेकर नगर के ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस वर्ष दीपावली पर माता लक्ष्मी के पूजन हेतु शुभ मुहुर्त का शुभ संयोग होने के कारण यह पूजन हेतु अत्यंत श्रेष्ठ समय बताया जा रहा है। इस बार दीपावली विशेष शुभ संयोगों में आ रही है, समृद्धि की कामना करने माता लक्ष्मी जी व भगवान श्रीगणेश व कुबेर की पूजन कर सकेगे।



# नगर के पुराने कालेज रूद्र मैदान में 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 6 नवम्बर के बीच, सुचारू संचालन के लिये समितियों का हुआ गठन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



नगर में आयोजित होने वाली शिक्षा विभाग के राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर पूरा शिक्षा विभाग जुटा हुआ देखा जा रहा है तो दूसरी ओर नगवासियों में भी इस बात को लेकर उत्साह देखने मिल रहा है कि नगर के इतिहास में इस तरह बड़ी प्रतियोगिता के आयोजन से शहर का नाम रोशन होने से नही चूक पायेगा। बताया जाता है कि राज्य शासन के लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 17 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में राज्य स्तरीय 68 वीं शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन नगर के रूद्र मैदान I में 3 से 6 नवम्बर तक किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर के सभी संभागों के प्रतिभागी खिलाड़ी एवं ऑफीशियल्स भाग लेंगे। इस संबंध में जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने प्रतियोगिता के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर अधिकारियों- कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं। आयोजन को लेकर उन्होंने सभी अधिकारी एवं लोक सेवक को सौंपे गये दायित्वों के अनुसार यथास्थान पर अपनी उपस्थिति देने और सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। प्रतियोगिता के आयोजन समिति की अध्यक्ष कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, कार्यकारी अध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार, मार्गदर्शन मंडल सहायक कलेक्टर शुभम यादव, प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा श्रीमती कलावती व्यारे, सहायक नोडल अधिकारी तहसीलदार गाडरवारा सुश्री प्रियंका नेताम व तहसीलदार सांईखेड़ा आकाश डहारे होंगे। इसके साथ- साथ संगठन सचिव, संगठन सह सचिव व सदस्य को भी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर ने प्रतियोगिता समन्वय व सह समन्वय, आपत्ति निराकरण एवं तकनीकी समिति, समन्वय समिति, मंच संचालन एवं प्रचार- प्रसार समिति, अतिथि स्वागत समिति, क्रीड़ागन व्यवस्था समिति, कबड्डी बालक/ बालिका निर्णायक समिति, खेल मैदान, आवास, मैस स्थल सुरक्षा व यातायात व्यवस्था समिति, बालक/ बालिका वर्ग में पंजीयन/ पात्रता प्रमाण पत्र परीक्षण समिति, परिवहन व्यवस्था के लिए बस/ वेन उपलब्ध कराने संबंधी समिति, रेलवे स्टेशन/ बस स्टेंड आगमन/ प्रस्थान एवं बस प्रभारी समिति, परिणाम आंकलन/ सहभागिता एवं प्रवीण प्रमाण पत्र लेखन व वितरण समिति, खेल मैदान, आवास स्थल चिकित्सा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार समिति, खेल मैदान, आवास, मैस (भोजन) स्थल पर शुद्ध पेयजल एवं साफ- सफाई व्यवस्था समिति, मास्ट्रर ऑफ सेरेमनी प्रभारी, बैंड दल उदघाटन व समापन, उदघाटन सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, समापन समारोह अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, मैदान पर ध्वज लगाने संबंधी और कम्प्यूटर कार्य करने संबंधी समिति का गठन कर अधिकारी- कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं। वही बताया जाता है कि इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आवास एवं मैस (भोजन) व्यवस्था के लिए निर्धारित संस्थाओं को दायित्व सौंपे हैं। जारी आदेश के अनुसार बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग में आवास व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी व सदस्य नियुक्त किये गये हैं। इसके अलावा मैस (भोजन) की व्यवस्था के लिए भी बालक व बालिका वर्ग के लिए दायित्व सौंपे हैं। बालक वर्ग के लिए रीवा, उज्जैन, शहडोल, नर्मदापुरम व इंदौर संभाग के लिए अशासकीय क्रेयना स्कूल गाडरवारा, जनजातीय कार्य विभाग, भोपाल व ग्वालियर संभाग के लिए अशासकीय क्राइस चर्च स्कूल गाडरवारा और जबलपुर व सागर संभाग के लिए अशासकीय आदर्श उमावि गाडरवारा में आवास स्थल निर्धारित किया गया है। इसी तरह बालिका वर्ग के लिए भोपाल, ग्वालियर व इंदौर संभाग के लिए अशासकीय टैगोर विद्या निकेतन गाडरवारा, रीवा, शहडोल, जनजातीय कार्य विभाग के लिए अशासकीय न्यू ऐज पब्लिक स्कूल गाडरवारा और जबलपुर, नर्मदापुरम, सागर व उज्जैन संभाग के लिए अशासकीय आदित्य पब्लिक स्कूल गाडरवारा में आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा सभी संभागों से आने वाले ऑफिशियल्स के लिए अशासकीय काबरा मेमोरियल स्कूल गाडरवारा में आवास की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही कलेक्टर ने बालक एवं बालिका वर्ग के लिए शासकीय कन्या नवीन उमावि गाडरवारा में मैस (भोजन) की व्यवस्था कराई गई है। इसके लिए बालिका व बालक वर्ग के लिए प्रभारी, सह प्रभारी व सदस्य के रूप में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



## विद्यालय में बच्चों संग शिक्षक ने दीपावली मनाते हुये बांटी खुशियाँ..

**हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा।** अक्सर देखा जाता है कि शासकीय स्कूलों में पदस्थ रहने वाले शिक्षकों जब अवकाश प्राप्त हो जाता है तो अपनी शिक्षण संस्थाओं की ओर रूख करना तक उचित नही समझते है। मगर कुछ शिक्षक इस तरह से होते है कि वह अपनी कर्मी भूमि को भी सबकुद मानकर जिस तरह उसका पूजन करते हुये देखे जाते है यह तरह के शिक्षक बहुत कम मात्रा में देखने मिलते है। मगर कम मात्र में पाये जाने वाले शिक्षक द्वारा दीवाली के मौके पर अपनी संस्था के बच्चों के बीच खुशिया मनाते हुये एक अनोखा संदेश दिया गया है। जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक शाला पाली में शिक्षक सिराज अहमद सिद्दीकी ने पंच दिवसीय प्रकाश पर्व दीपावली का शुभारंभ अपने कर्म स्थल प्राथमिक शाला पाली पहुंचकर शाला भवन को प्रकाश से सराबोर कर दिया। इतना ही नही संस्था के नन्हे मुन्ने बच्चों सहित संपूर्ण ग्रामवासी के बीच दीवाली का त्यौहार बड़ी ही खुशी के साथ जब मनाया गया तो लोग हैरत में पड़ने से नही चूक पाये। क्योंकि अचानक से शाम होते ही सारा विद्यालय रोशनी से जगमगा उठा और देखते ही देखते विद्यार्थियों सहित ग्राम वासियों का जमावड़ा लग गया। आतिशबाजी, फुलझड़ी ,अनार दानों की जगमगाहट में बच्चों की खुशियों का ठिकाना नही था। शिक्षक सिराज अहमद सिद्दीकी , बृजेश कुमार श्रीवास द्वारा विद्यालय में विद्यार्थियों एवं ग्राम वासियो के बीच मनाए जा रहे पंच दिवसीय प्रकाश पर्व दीपावली की सराहना शिक्षा विभाग के अधिकारियों सहित ग्राम वासियों द्वारा भी की जा रही है। क्योकि अपनी कर्मभूमि के प्रति एक शिक्षक का लगाव निश्चित तौर से अनोखा का संदेश देने से नही चूक रहा था। वही दूसरी ओर शिक्षक द्वारा पाली में जरूरतमंद हम गरीब परिवारों के बीच पहुंचकर भी दिवाली का जश्न मनाया गया । शिक्षक सिराज अहमद सिद्दीकी का मानना है कि सेवा ही हमारा धर्म होना चाहिए । गरीब जरूरतमंदों की खुशी में हमारी खुशी हमें एहसास होता है जरूरत मंदों गरीबों का उत्साहित चेहरा यह दर्शाता है कि हम सच्चे मन से मानव सेवा नहीं माधव सेवा कर रहे हैं । इस तरीके से खुशियां मनाने में समाज में सकारात्मक परिवर्तन भी आता है दीपावली पर जरूरतमंदों का सहयोग करना और उनके साथ दिवाली पर्व मनाना बहुत ही नेक काम है।

# मृदा परीक्षण प्रयोग शाला में लटक रहा ताला, लाखों की लागत से बना हुआ भवन बना शोभा की सुपारी




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** इस समय सांईखेड़ा क्षेत्र के किसानों जिस प्रकार से अनेक परेशानियों से जूझते हुये देखे जा रहे है उनकी समस्याओं के निदान को लेकर आज तक किसी भी नेता द्वारा ठोस प्रयास नही किये गये है, जिसके चलते आज स्थिति इस प्रकार से देखी जा रही कि लगातार मांग किये जाने के बाद भी यहां पर कृषि उपज मंडी की शुरूआत नही हो पाई है, कहने के लिये तो मंडी का निर्माण हो चुका है, मगर वह मात्र शोभा की सुपारी बनकर रहे गये है, जिसके चलते लाखों की लगात से मंडी में किया गया निर्माण टूटते हुये दिखाई देने लगा है, वही दूसरी ओर मंडी की शासकीय भूमि अतिक्रमण की भेंट चढ़ने से भी नही चूक पा रही है, इस प्रकार से क्षेत्र की किसानों की मंडी में खरीदी नही होने के कारण लगभग 25 किलों मीटर द्वारा गाडरवारा या फिर अन्य दूसरी जगह की मंडियों में अपना अनाज बेचने के लिये जाना पड़ रहा है, इस स्थिति में किसानों को अनाज से मिलने वाली आय का काफी भाग तो अनाज ले जाने के भांडे में ही चला जाता है, वही दूसरी ओर वर्ष 2017 में म.प्र. शासन द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की ओर से साईखेडा में मृदा परीक्षण प्रयोग शाला भवन का निर्माण कराते हुये लाखों की लागत से बने हुये इस भवन का 14 अक्टूबर 2017 को लोकापर्ण तो कर दिया गया है, मगर उस दिन के बाद आज तक न तो इस भवन का ताला खुल पाया है और न ही क्षेत्र के किसानों को इसका लाभ मिल पाया है, जिसके चलते जहां लाखों की लगात से बना हुआ यह भवन खंडहर की स्थिति में पहुंचने से भी नही चूक पा रहा है। यदि इस प्रयोग शाला का शुभारंभ हो जाता तो निश्चित ही क्षेत्र के किसान अपने खेतों की मिट्टी का परीक्षण कराकर मिट्टी की गुणवत्ता की जानकारी ले सकते और अपनी जमीन से फसल की उपज बढ़ाने में सफल हो जाते, मगर लाखों की लागत से बना हुआ यह भवन मात्र शोभा की सुपारी बनकर रह गया है, मगर इस भवन के लोकापर्ण के बाद आज तक इसमें किसी भी प्रकार के न तो उपकरण स्थापित किये गये है और न ही इसे चालू कराने की ओर ध्यान दिया गया है, जिसके चलते क्षेत्र के किसानों द्वारा इस प्रयोग शाला को शीघ्रता के साथ शुभारंभ करने की मांग उठाई जाने लगी है।

# मोबाईलों पर आने वाली पोस्ट तथा संदेश लोगों के खातों में लगा रही सेंध, लालच के चक्कर में पड़कर लोग हो रहे बर्बाद

**हरिभूमि न्यूज/देवरी/मिढ़वानी।**

वैसे देखा जावे तो चल रहे डिजिटल युग में मोबाईल फोन का यदि सही उपयोग किया जावे तो आमजन के लिये सबसे बडा मददगार बनने से नही चूकता है। वही दूसरी ओर मोबाईल फोन में उपयोग के दौरान होने वाली चूक या फिर लालच कंगाल बनाने में भी पीछे नही रहता है? इस सच्चाई के चलते अब लोगों के लिये मोबाइल तो सिरदर्द बनते हुये देखा जाने लगा है। इस प्रकार की बातें तमाम उपभोक्ताओं के मुंह से अक्सर सुनने को मिलती रही है। सरकारी मोबाईल कंपनी के साथ अन्य किसी भी कंपनी का मोबाइल कंपनी की संचार सेवा को खरीदना अब उपभोक्ताओं को परेशानी का कारण बनता जा रहा है? क्योंकि देखा जा रहा है कि मोबाइल सेवा देने वाली कई प्रकार की कंपनियां अपना नेटवर्क खोल उपभोक्ताओं को सुविधा के नाम पर लूटने मे लगी हुई जान पड़ रही है? मोबाइल कंपानियां तरह तरह के मैसेज भेजकर उपभोक्ताओं से छलावा करती है और बाद मे चार्ज के तौर पर पैसा वसूल लेते है। क्या है उपभोक्ताओं की परेशानियां- क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों मे शिक्षा का स्तर कम होने के कारण बड़ी आबादी को मोबाइल के बारे मे ज्यादा ज्ञान नही होता है। इसी का फायदा अधिकांश मोबाइल सेवा शुरू करने वाली कंपनियां उठाने मे लगी है। इस सबंध मे ग्रामीणों का कहना है कि मोबाइल



मैसेज के माध्यम से रिंगटोन, डॉयलटोन या फिर क्रिकेट व अन्य खेल संबंधी जानकारी के लिए विभिन्न नंबरो को लगाने की बात कहकर पैसे काट लेती है। भेजे जाने वाले मैसेजो मे पहले तो फ्री बताकर डॉयल करने को कहते है, फिर इसकी शिकायत किए जाने पर यह कहकर पैसे काट लेते है, फिर इसकी शिकायत किए जाने पर यह कहकर बात खत्म कर दी जाती है कि अपने गलत ऑप्शन इस्तेमाल किया होगा। इतना ही नही, नेटवर्क की समस्या से उपभोक्ताओं को आये दिन जूझना पड़ रहा है। कई बार इमरजेंसी कॉल करने पर भी बात नही हो पाती है, साथ ही बगैर बात किए ही बैलेंस माइनस मे बताया जाता है। नेटवर्क की समस्या खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग को उठानी पड़ती है। सभी ऑपरेटरों के यही हॉल-लोगो ने बताया कि भारत की सबसे बड़ी कंपनी कहे जाने वाले सरकारी कपंनी का तो यह हाल है कि इसके द्वारा इनकमिंग काल का पैसा भी काट लिया जाता है, बार बार इन्ही कारणो से परेशान होकर उपभोक्ताओं द्वारा इससे दूर होते जा रहे है। कंपनी द्वारा कस्टमर केयर की सुविधा केवल नाममात्र के लिए ही है। और यदि मोबाईल धारक कंपनी द्वारा दिये गये नम्बर पर शिकायत भी करता है तो उसमें कोई निवारण नही होने के कारण मोबाईल धारक लगातार परेशान हो रहे है। वही दूसरी ओर जो लोग मोबाईल के माध्यम से शोसल मीडिया का उपयोग कर रहे है और सोशल मीडिया पर आने वाले संदेशों के लालच में पड़कर वह अपने बैंक खातों में जमा राशि को गमाने से भी नही चूक रहे है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो बैंको से लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर आने वाले संदेशों को लेकर आम लोगों को जागरूकर करते हुये देखा जाता है। इसके बाद भी लोगों के दिलों में उठने वाली लालच के मलाई उनके खेतों को खाली करने में चंद मिनिट लगाने से नही चूकती है..?

**खबर संक्षेप**

## गौवर्धन पूजन कार्यक्रम के संबंध में दिशा निर्देश जारी

**उमरिया।** प्रदेश के समस्त जिलों की सभी गौशालाओं में 2 नवम्बर 2024 को गोवर्धन पूजा करने के लिए मध्यप्रदेश गौसंर्वधन बोर्ड व्दांरा माध्यम से निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देश मे कहा गया है कि गोवर्धन पूजा के अवसर पर प्रत्येक जिले में एक प्रमुख गौशाला का चयन कर, गौशाला परिसर में गोवर्धन पूजा का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित कराया जाए। कार्यक्रम में आवश्यक रूप से माननीय मंत्री, माननीय सांसद, माननीय विधायक, माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष,सदस्य, नगरीय निकायों के माननीय महापौर/ अध्यक्ष के साथ अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों एवं आमजन को भी आमंत्रित किया जाए। कार्यक्रम का प्रचार प्रचार स्थानीय आकाशवाणी व अन्य माध्यमों से कराया जाए जिससे कि अधिक से अधिक लोग इसमें सम्मिलित हो सके। कार्यक्रम में गोवर्धन पूजा , गोपूजन एवं उपस्थित नगरिकों से गौग्रास कार्यक्रम, गौशाला में कार्यरत गोसेवको का सम्मान , गोमय व पंचगव्य के उत्पादों पर संगोष्ठी/ वक्तव्य, कार्यक्रम में गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य कर रहे गौ प्रेमियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा । गौशालाओं को आस्था से जोडने के लिए स्थानीय कार्यक्रम से जोडने के प्रयास किए जाएं। स्थानीय आधार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम/रंगोली/निबंध प्रतियोगिता / श्रीकृष्ण के वेश धारण कर बच्चो का कार्यक्रम आदि आयोजित कराए जाएं। गौशाला परिसर में साफ सफाई करना शामिल है ।

## जरूरतमंदों परिवारों को उपहार स्वरूप भेंट करेंगे खुशियों से भरा पैकेट



**उमरिया।** दीपावली के पावन पर्व में उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा पाली पुलिस, पाली नगर के वरिष्ठ जनों के सहयोग के माध्यम से हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी बस्तियों में पहुंचकर असहाय व जरूरतमंद लोगों बच्चों वृद्ध एवं महिलाओं को खुशियों से भरा पैकेट नए वस्त्र, मिठाइयां,दीया बाती,तेल, पटाखे व फल वितरण करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी युवा टीम उमरिया के सदस्य ऐसे 100 परिवारों को चिन्हित कर जो जरूरतमंद परिवार जिस परिवार में वृद्ध, नन्हे बच्चे, दिव्यांग व आदि जन है उन सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंच कर दिवाली के पावन पर्व में 31 अक्टूबर को खुशियों से भरा पैकेट उपहार स्वरूप भेंट करने की तैयारी पूर्ण कर ली गई।समाज के वंचित अभावग्रस्त लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास किया जा रहा है । वंचित असहाय गरीब बच्चों के लिए युवा टीम प्रयास सदैव से सहायता प्रकल्प करती चली आ रही है उसी कढ़ी में आज हमारी संस्था साल के सबसे बड़े त्योहार दीपावली उत्सव की खुशियों को गरीब असहाय वंचित बच्चों के साथ सांझा करने जा रही हैं। उन्होंने बताया पाली थाना प्रभारी मदनलाल मरावी, प्रधान आरक्षक शैलेंद्र कुमार दुबे, वरिष्ठ समाजसेवी बबलू खंडेलवाल, बिरासिनी कंप्यूटर इंस्टिट्यूट संस्थापक पवन सम्भर, गोरे विश्वकर्मा सिद्धार्थ विनायक,अंकुश सिंह के सहयोग से खुशियों से भरा पैकेट वितरण होगा। तैयारी में जुटे युवा हिमांशु तिवारी, खुशी सेन,काजल मालवीय,साक्षी रैदास,सौरभ पांडेय, नैनी मालवीय व सभी का महत्वपूर्ण सहयोग है।

## कलेक्टर ने किया ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने मान्यता प्राप्त दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण किया ।

# दीपोत्सव पर बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

डिंडौरी






*बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका जन्मोत्सव के अवसर पर जिला अस्पताल प्रसूति वार्ड में दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत बालिका जन्म पर प्रसूति महिलाओं को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जन्मोत्सव किट का वितरण महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा किया गया। साथ ही बालिका जन्म को प्रोत्साहन हेतु महिलाओं को बालिकाओं से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। बालिकाओं के जन्म को दीपोत्सव के अवसर पर हर्षोल्लास से मनाया गया। बालिकाओं को उचित पोषण प्रदान करने के लिए जन्मोत्सव किट में माताओं को आवश्यक दवाईयां और पोषण युक्त भोजन की जानकारी भी प्रदान की गई। माताओं को टीकाकरण के महत्व को भी समझाया गया। उक्त कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती सारिका नायक, सीएमएचओ डॉ. रमेश मरावी, डीपीओ श्याम सिंगौर एवं प्रशासक वन स्टॉप सेंटर डिंडोरी श्रीमती नीति तिलगाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।*

# जिले के चयनित ग्रामों के लिए विकास कार्य योजना हेतु निर्देश जारी

**डिंडौरी।** जनजातीय आबादी वाले ग्रामों के एकीकृत विकास हेतु बुनियादी सेवाओं एवं सुविधाओं में सुधार के लिए जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के तहत पूरे देश में 63000 से अधिक आदिवासी बाहुल्य ग्रामों को विशिष्ट प्रयोजनों से संतृप्त किया जाना है। आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए मिशन का बजट परिव्यय 79,156ध- करोड़ रूपये है। यह मिशन 30 राज्योंध्केन्द्र शासित प्रदेशों के सभी आदिवासी बाहुल्य गांवों में फैले 549 जिलों और 2740 विकासखण्डों को केंद्रित करेगा, जिसमें 63843 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों को सम्मिलित किया गया है जिससे 5 करोड़ से अधिक आदिवासी लोग लाभांवित होंगे। भारत सरकार द्वारा मध्यप्रदेश राज्य के 51 जिलों का चयन किया गया है, जिसमें 11377 आदिवासी ग्रामों को शामिल किया गया हैं। डिंडौरी जिले के लिए 563 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों का चयन किया गया है, जिसमें 112698 आदिवासी परिवारों को लाभांवित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। विकास कार्य योजना (डीएपीएसटी) तैयार करने के लिए चयनित 563 उन्नत ग्रामों की जानकारी 15 नवम्बर 2024 तक अनिवार्य रूप से प्रेषित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है।

# स्टेनो सूबेदार गीतेंद्र दांदरे पदोन्नत

डिंडौरी



*स्टेनो सूबेदार गीतेंद्र दांदरे को पुलिस मुख्यालय द्वारा निज सहायक निरीक्षक अ के पद पर वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति प्रदान कर यथावत डिडौरी पदस्थ किया गया है. इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डिंडोरी श्रीमती वाहनी सिंह और अति. पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम द्वारा कंधे पर एक और स्टार सजाया तथा पदोन्नति की बधाई दी।*

# दीपावली सांस्कृति सौहार्द का पर्व आज

अमरपुर

*दीपावली का पर्व मात्र दीपों का पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति का दर्पण हैं। सृष्टि के जीवनक्रम के साथ सभी पर्व जुड़े हुए हैं। उसमें दीपावली में मानव जीवन के क्रम में जुड़कर नया आलोक, नई चेतना, नया ज्ञान, सत्य के प्रति नया आकर्षण न्याय के प्रति नवीनतम संबंध एवं स्वस्थ सौहार्द के प्रति अभिनव जागरूकता प्रदान की हैं। सदियों से यह पर्व भारतीय प्रज्ञा की चेतना का वैज्ञानिक संस्करण हैं। वैदिक चिंतन के अनुसार यह पर्व इतिहास का अमर उपदेश हैं। साथ ही आध्यात्मिक चेतना का सृजन दृश्य, निंदा हैं। हमारी वैदिक प्रार्थना ष्असतो मां सद्गमय तमसो मां ज्योतिर्गमय मृत्योर्मा अमृत गमयष इसमें साकार हुई हैं और यह पर्व प्रतिवर्ष इसी बात का संदेश देने धरा पर आता हैं कि अंधकार की छाती पर आलोक की किरणों का सम्राज्य स्थापित करो। पुराणों में इस त्यौहार की अनेक कथाएं हैं। वामन पुराण के अनुसार भगवान विष्णु के वामन रूप धारण कर दैत्यराज बली से तीन पग भूमि मांगी थी। प्रहलाद के नाति राजा बलि के वचनानुसार भगवान वामन ने दो पैरों से समस्त पृथ्वी नाप ली थी तथा तीसरा पैर राजा बलि के पीठ पर पड़ते ही वह तुरंत स्वर्ग लोक चला गया। ऐसी मान्यता हजारों वर्षों से चली आ रही हैं और उसी मान्यता की अनुरूप हिंदू धर्म का पालन करने वाले दीपावली पर भारतीय संस्कृति की पहचान के रूप में करके राष्ट्रीय एकता और अखंडता का कार्य कर रहे हैं।*

# एसडीएम और खनिज अधिकारी को सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई



**डिंडौरी।** कलेक्टर हर्ष सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एसडीएम बजाग आरपी तिवारी और खनिज अधिकारी शशांक शुक्ला को सेवानिवृत्ति होने पर फूलमाला और उपहार भेंट कर विदाई दी। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों को बेहतर स्वास्थ्य और जीवन के अगले पड़ाव के लिए शुभकामनाएं दी। अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एसडीएम डिंडोरी रामबाबू देवांगन, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में विदाई गई।

# संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी को एसडीएम बजाग का प्रभार



**डिंडौरी।** प्रभारी डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बजाग राजेन्द्र प्रसाद तिवारी के 31 अक्टूबर 2024 को सेवानिवृत्त होने पर संयुक्त कलेक्टर डिण्डौरी सुश्री भारती मेरावी को वर्तमान में सौंपे गये कार्यों के साथ-साथ अग्रिम आदेश पर्यन्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बजागध्अनुविभागीय दण्डाधिकारी बजाग का प्रभार सौंपा गया।

# नायब तहसीलदार के साथ थाना प्रभारी ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण

मेंहदवानी



विकास खंड मुख्यालय मेंहदवानी सहित सारसडोली कठौतिया में बुधवार को नायब तहसीलदार सुखमन सिंह कुलेश एवं थाना प्रभारी श्याम सुंदर उसराठे ने दल बल के आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण किया और वहां की वस्तुस्थिति देखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बता दें दीपावली पर्व को लेकर मेंहदवानी सारसडोली तथा कठौतिया में आतिशबाज़ी की दुकानों को मुख्य बाजार से दूर लगाया गया है जहां पानी सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहे जिससे अप्रिय घटनाएं नहीं घटे। निरीक्षण के बाद नायब तहसीलदार तथा थाना प्रभारी ने पारंपरिक स्वदेशी दिए खरीदते नजर आए।



# स्टेडियम ग्राउंड में रन फार यूनिटी दौड़ संपन्न

## दौड को पुलिस अधीक्षक एवं अपर कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

उमरिया।



राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिला मुख्यालय स्थित स्टेडियम ग्राउंड में रन फार यूनिटी दौड़ का आयोजन किया गया । दौड़ को पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू एवं अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड स्टेडियम से प्रारंभ हुई जो स्टेडियम का चक्कर लगाते हुए स्टेडियम में ही समाप्त हुई । रन फार यूनिटी दौड़ को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कहा कि बच्चे खेल के साथ साथ अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दे। खेल से शारीरिक, मानसिक एवं बौध्दिक विकास होता है । शरीर को मजबूत बनाने के लिए पौष्टिक चीजों को ग्रहण करें । हर काम को पूरी लगन एवं निष्ठा के साथ संपन्न करें । खेल के क्षेत्र में अपने को बेहतर साबित करते हुए ऊंचे मकाम तक पहुँचे एवं अपने माता पिता , ग्राम, जिला का नाम रोशन करे ।




# पुलिस ने की जुआरियों के विरूद्ध कार्यवाही

उमरिया।




पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू एवं अति. पुलिस अधीक्षक उमरिया के निर्देशन में उमरिया पुलिस द्वारा लगातार अवैध गतिविधियों के विरूद्ध निरंतर कार्यवाही की जा रही है । इसी प्रकार 30 अक्टूबर की रात थाना चंदिया द्वारा 8 जुआरियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुये जुआ एक्ट के तहत प्रकरण कायम किया गया । मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर कि कथली नदी के पास पेड़ के नीचे कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है । प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुये चंदिया पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेज कार्यवाही की गई जिस पर आरोपीगण मोबाइल की टार्च के प्रकाश में तिरपाल बिछाकर जुआ खेलते पाये गये । आरोपियों के कब्जे से 3800 रूपये नगद, 52 ताश के पत्ते, 4 मोबाइल फोन जप्त किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट की धारा 13ए के तहत प्रकरण दर्ज किया गया । मामले में आरोपियों के विरूद्ध नियमतः कार्यवाही करते हुये प्रकरण को विवेचना में लिया गया ।

जिन पर कार्यवाही गई है उनमें संजू कुशवाहा निवासी चंदिया, मन्नू उर्फ नवनीत शर्मा निवासी चंदिया, श्याम लाल वर्मा निवासी चंदिया, धनेश कुशवाहा निवासी चंदिया, शिवकुमार कोल निवासी चंदिया, बहादुर खान निवासी चंदिया, मुर्तजा खान निवासी चंदिया, विजय वर्मन निवासी चंदिया शामिल है। कार्यवाही में थाना प्रभारी चंदिया निरीक्षक भानूप्रताप भवेदी, उप निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ठाकुर, सहायक उप निरीक्षक मन्ना सिंह, प्रधान आरक्षक मेहताब सिंह, आरक्षक दिलीप सिंह राठौर, आर. इंद्रबहादुर राठौर ,आर. राजमोहन , आर. राघवेंद्र कुशवाहा की सराहनीय भूमिका रही ।

# दवाईयां की गई जप्त

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा झोलाछाप डाक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है। निर्देश के पालन में ग्राम बेलमना तहसील बिलासपुर में संचालित अवैध क्लीनिक संचालक भीमसेन साहू उर्फ राजू डॉक्टर पिता पुरुषोत्तम दास साहू के यहां एसडीम बांधवगढ़ रीता डहरिया के मार्गदर्शन में सीबीएमओ करकेली डॉ. वीएस चंदेल नायब तहसीलदार अखडार संतोष चौधरी, डीटीओ डॉ. मुकुल तिवारी एमपीएस अश्वनी त्रिपाठी, मनीष कुमार पटेल सहायक ग्रेड 3 की टीम द्वारा कार्यवाही की गई । कार्यवाही के दौरान भीमसेन साहू के मकान के कमरे में क्लीनिक संचालित पाया गया. किसी भी प्रकार का वैधानिक प्रमाण पत्र क्लीमनिक संचालन के संबंध में नही पाया गया। जन स्वास्थ्य रक्षा का प्रमाण पत्र पाया गया। क्लीनिक में भर्ती मरीज एक वृद्ध महिला पूजा साहू पति प्रीतम साहू जिसको फ्लूड लगाया जा रहा था एवं बासुरी कॉल, आकाश बर्मन, सुशीला बर्मन मरीज इलाज हेतु बैठे पाए गए। क्लीनिक में अवैध रूप से संग्रहित दवाइयां एवं प्रिस्क्रिप्शन पाई गई जिसे जप्त किया गया साथ ही साथ क्लीनिक में पाए गए मेडिकल इंस्ट्रूमेंट भी जप्त किए गए। क्लीनिक अवैध रूप से संचालित होना पाया गया। पुष्टि उपरांत भीमसेन साहू के मकान के कमरा जिसमें अवैध क्लिनिक संचालित था उसे सील किया गया। कार्यवाही के समय थाना चंदिया से प्रधान आरक्षक आशीष दुबे एवं प्रधान आरक्षक सैनी उपस्थित रहे , जिनके व्दारा पंचनामा तैयार किया गया ।

# स्टेडियम ग्राउंड उमरिया में पुलिस अधीक्षक ने एकता दिवस दिलाई शपथ

उमरिया।



राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने स्टेडियम ग्राउंड उमरिया में अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाडिय़ों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई ।

पुलिस अधीक्षक ने शपथ दिलाई कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता, सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयास करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूर दर्शिता एवं कार्यो व्दारा संभव बनाया जा सका । मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी प्रतिपाल सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, कार्यपालन यंत्री आर ई एस, जिला योजना सांख्यिकी अधिकारी माथुर, उप संचालक उद्यानिकी झनक सिंह मरावी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

# वीभत्स घटना में दो की मौत, एक जूझ रहा जिंदगी और मौत से



**राजेन्द्रग्राम।** पप्पू रौतेल पिता अघनू कोल उम्र 24 वर्ष, करण कोल पिता सुग्रीव कोल उम्र 18 वर्ष निवासी उमनिया, घायल लोचन सिंह कोल पिता द्वरिका उमनिया तीनो मोटरसाइकिल पर उमनिया से राजेन्द्रग्राम आ रहे थे तभी बसनिहा तिराहा के पास राजेन्द्रग्राम की तरफ से जा रही हाइवा राजेन्द्र जायसवाल निवासी पकरीटोला के द्वारा एक्सीडेंट करने पर पप्पू कोल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तथा करण रौतेल की इलाज के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेन्द्रग्राम में मृत्यु हो गई एवं गंभीर रूप से घायल लोचन कोल को जिला अस्पताल अनूपपुर रेफर कर दिया गया है। उक्त घटना राजेन्द्रग्राम पुलिस ने मर्ग क्रमांक 62, 63/24 धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध कर मामले की जांच की जा रही है।

# आज मनाया जाएगा दीपों का महापर्व दीपावली

## दीपों की रोशनी से जगमगायेगा जिला








**बाजारों मे बनी रही रौनक**
**खरीदी बिक्री का दौरा जारी**
**देर रात तक होगी आतिशबाजी**
**सजेंगी रंगोली**

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले में गुरुवार को दीपावली का पर्व पूरे जिले में श्रद्धा उत्साह और उमंग से मनाया जायेगा। दीपों के महापर्व दीपावली पर नगर में उत्साह जनक तैयारियां की गई हैं। हर्षोल्लास के साथ दीपावली का त्योहार मनाया जा रहा है। रोशनी के त्योहार दीपावली पर शहर का कोना-कोना रोशन होगा। दिवाली का उल्लास हर आयु वर्ग के लोगों पर देखने को मिल रहा है। रोशनी से नहाई इमारतें, सजे बाजार और घर बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। महापर्व पर उमंग और उल्लास की तस्वीरें हर जगह से सामने आ रही हैं। भारत में दीपावली का अलग ही महत्व है, इस त्योहार को हिंदू संस्कृति के प्रमुख त्योहारों में से एक माना जाता है।

### दीपावली पूजन शुभ मुहूर्त

दीपावली पूजन का शुभ मुहूर्त पंडित अनिमेष शुक्ला के अनुसार अमावस्या तिथि का आरंभ 31 अक्टूबर दोपहर 3 बजकर 52 मिनट से एवं समाप्त 1 नवंबर शाम 6 बजकर 15 मिनट दिवाली पूजन के लिए उत्तम मुहूर्त शाम 6 बजकर 15 मिनट से 7 बजकर 14 मिनट दिवाली पूजन के लिए अन्य मुहूर्त 7 बजकर 15 से 8 बजकर 33 मिनट दिवाली पर निशीथ काल में पूजा का मुहूर्त रात 11 बजकर 39 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक है वैसे देश के कुछ भागों में 1 नवंबर को भी दिवाली का पर्व मनाया जा रहा है। ऐसे में 1 नवंबर को दिवाली का पूजा मुहूर्त शाम में 5 बजकर 37 मिनट से 6 बजकर 14 मिनट तक ही रहेगा। इसमें निशीथ काल में पूजा का मुहूर्त नहीं है। दिवाली के दिन लक्ष्मी पूजन के विशेष महत्व है। बड़े ही धूमधाम के साथ दीपावली का त्योहार मनाया जाएगा।

### खाता बही की भी होगी पूजा

लक्ष्मी की उपासना वाले दीपोत्सव पर्व के साथ अनेक व्यवसायिक संस्थानों में आज से लेनदेन का नया वर्ष शुरू होगा। यहां लेखा और बहियों की पूजा होगी। किसान खेतों में दीये जलाकर धनधान्य में बढ़ोत्तरी की कामना के लिए लक्ष्मी जी को मनाएंगे। दूसरी ओर आज मनाई जाने वाले दीपोत्सव के लिए शहर के बाजारों में धनतेरस की शाम खरीददारों की खासी भीड़ देखने को मिली। पूजापाठ और मिठाईयों तथा पटाखों की खरीदी के लिए देर रात तक बाजार सजे रहे। इस मौके पर खासकर दीये बाती और लाई लावा और फूल मालाओं की बिक्री सर्वाधिक रही।

### बाजार में रही भीड़

दीपावली के त्यौहार के चलते बाजार मे भीड़ अनवरत बनी रही लोगे मनमाफिक खरीदी करते हुये नजर आये। बाजार मे दिन भर खरीदी बिक्री का क्रम चलता रहा। लोगो ने कपड़े, दिये, पूजन सामग्री, बर्तन, साज सज्जा की सामग्री सहित अन्य जरूरत की सामग्री खरीदते नजर आये। दिन भर बाजार मे रौनक बरकार रही लोग दोस्त, परिवारजनों एवं रिश्तेदारों के साथ खरीदी करते नजर आये। वही फटाखा दुकानों मे भी काफी भीड़ देखने को मिली। आज लक्ष्मी जी के पूजन के उपरांत देर रात तक आतिशबाजी होगी। त्योहार खुशियों का प्रतीक होता है और अधिक से अधिक खुशियां बांटने में सहभागी बने।

### जरूरतमंदों की मदद कर मनाएं त्योहार

दिवाली का त्यौहार अपने परिवार के साथ- साथ जरूरतमंदों के साथ भी मनाया जाये। गरीब, जरूरतमंद लोगों के घर ऐसे होते हैं, जहां दिवाली की रोशनी नहीं पहुंचती है। इस दीपोत्सव के पर्व की रौनक फीकी न हो, इसके लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के समाज सेवी संगठन, संपन्न व्यक्तियों से अपील की है कि दीवाली के त्यौहार पर घरों में साफ- सफाई के दौरान कुछ अनुपयोगी कपड़े, खिलौने, बैग आदि होते हैं। इन चीजों को एकत्रित कर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को दीपावली पर खुशियां का तोहफा दें। इसके अलावा मिठाई, पटाखे, दीये उपहार देकर उनके संग खुशियां बांटे। समाज के सम्पन्न व्यक्ति समाज के जरूरतमंद तबके की मदद करें और हर्षोल्लास से यह त्यौहार मनायें।

## खबर संक्षेप

### दुष्कर्म का आरोपी आरक्षक गिरफ्तार



**नरसिंहपुर।** बीती रात थाना क्षेत्र करेली पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले मे फरार आरक्षक को पुलिस जबलपुर रेलवे स्टेशन से धर दबोचा। आरोपी महेंद्र पिछले पांच महीनों से फरार था। दिवाली पर अपने घर लौटते वक्त ट्रेन में पकड़ा गया। पुलिस ने जबलपुर स्टेशन पर उसे हिरासत में लिया। महिला थाना की एसआई दिव्या सनोडिया ने बताया कि आरोपी महेंद्र ठाकुर उम्र 30 वर्ष निवासी करेली बस्ती, आईटीबीपी में आरक्षक के पद पर कार्यरत है। जून में दर्ज की गई शिकायत में आरोप था कि उसने एक महिला को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। मामला दर्ज होने के बाद से ही महेंद्र फरार था। पुलिस को सूचना मिली कि महेंद्र दिवाली के त्योहार पर अपने घर लौट रहा है। इसके बाद महिला सुरक्षा उप पुलिस अधीक्षक मनोज गुप्ता और महिला थाना प्रभारी प्रियंका केवट के निर्देश पर आरक्षक दिनेश वाडवाए और दिनेश केवट ने जबलपुर स्टेशन पर घेराबंदी की। आरोपी को ट्रेन से उतरते वक्त हिरासत में ले लिया गया। आरोपी महेंद्र ठाकुर अरुणाचल प्रदेश में तैनात था और वहीं से छुट्टियों पर अपने घर आ रहा था।

### ट्रेन दुर्घटना में एएसआई की मौत



**नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना करेली में पदस्थ कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक बाबूराम वरकडे का बीती रात ड्यूटी के दौरान ट्रेन दुर्घटना के कारण मौत हो गई। ज्ञात हो कि स्व. श्री बरकड़े मंडला जिले के निवासी थे 2006 में नरसिंहपुर स्थानानंतरण होकर आये थे जिन्होने पुलिस लाईन, थाना कोतवाली, थाना गोटेगांव एवं थाना करेली में अपनी सेवाएं दी गयी है। स्व. श्री बाबूराम वरकडे का अंतिम संस्कार उनके गृह मंडला जिले में किया गया है। नरसिंहपुर पुलिस, कार्यवाहक सहायक उप निरीक्षक स्व. श्री बाबूराम वरकडे, को भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित करती है।

### आयुष विभाग द्वारा धन्वंतरी जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम



**नरसिंहपुर।** आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि जयंती के अवसर पर मंगलवार को आयुष विभाग द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरी की पूजा- अर्चना कर किया गया। आयुष विभाग द्वारा औषधि युक्त खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन हुआ। शिविर में आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों ने लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण व स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए और निशुल्क दवाएं वितरित की गईं। इस अवसर पर करीब 600 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुरत्ना सिंह चैहान ने बताया कि सरकार द्वारा धनवंतरी जयंती को आयुर्वेदिक दिवस घोषित किया गया था, तब से यह नवा आयुर्वेदिक दिवस धन्वंतरी जयंती के दिन मनाया जा रहा है। आयुर्वेदिक दिवस के उपलक्ष में पिछले 10 दिनों से जिले में जागरूकता कार्यक्रम, महिला स्वास्थ्य पर शिविर, स्कूल वैलनेस पर विविध आयोजन किये गये। इस अवसर पर आयोजित आयुर्वेदिक संगोष्ठी में विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राएं शामिल हुए। शिविर में आए लोगों द्वारा एवं आयुष विभाग के स्टाफ द्वारा प्रधानमंत्री के आयुर्वेदिक दिवस के प्रोग्राम का लाइव प्रसारण देखा व सुना गया।

# कबड्डी प्रतियोगिता हेतु कलेक्टर ने किया समितियों का गठन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल द्वारा 17 वर्षीय बालक बालिका आयु वर्ग में राज्य स्तरीय 68 वीं शालेय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन जिले के रूद्र मैदान गाडरवारा में 3 से 6 नवम्बर तक किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में राज्य स्तर के सभी संभागों के प्रतिभागी खिलाड़ी एवं ऑफीशियल्स भाग लेंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने प्रतियोगिता के सुचारू रूप से संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर अधिकारियों- कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने सभी अधिकारी एवं लोक सेवक को सौंपे गये दायित्वों के अनुसार यथास्थान पर अपनी उपस्थिति देने और सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। प्रतियोगिता के आयोजन समिति की अध्यक्ष कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, कार्यकारी अध्यक्ष मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार, मार्गदर्शन मंडल सहायक कलेक्टर शुभम यादव, प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी अनुविभागीय राजस्व अधिकारी गाडरवारा श्रीमती कलावती व्यारे, सहायक नोडल अधिकारी तहसीलदार गाडरवारा सुश्री प्रियंका नेताम व तहसीलदार सांईखेड़ा आकाश डहारे होंगे। इसके साथ- साथ संगठन सचिव, संगठन सह सचिव व सदस्य को भी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर ने प्रतियोगिता समन्वय व सह समन्वय, आपत्ति निराकरण एवं तकनीकी समिति, समन्वय समिति, मंच संचालन एवं प्रचार- प्रसार समिति, अतिथि स्वागत समिति, क्रीड़ागन व्यवस्था समिति, कबड्डी बालक बालिका निर्णायक समिति, खेल मैदान, आवास, मैस स्थल सुरक्षा व यातायात व्यवस्था समिति, बालकध्‍ बालिका वर्ग में पंजीयनध्‍ पात्रता प्रमाण पत्र परीक्षण समिति, परिवहन व्यवस्था के लिए बसध्‍ वेन उपलब्ध कराने संबंधी समिति, रेलवे स्टेशन बस स्टेंड आगमनध्‍ प्रस्थान एवं बस प्रभारी समिति, परिणाम आंकलन सहभागिता एवं प्रवीण प्रमाण पत्र लेखन व वितरण समिति, खेल मैदान, आवास स्थल चिकित्सा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य उपचार समिति, खेल मैदान, आवास, भोजन स्थल पर शुद्ध पेयजल एवं साफ- सफाई व्यवस्था समिति, मास्ट्रर ऑफ सेरेमनी प्रभारी, बैंड दल उदघाटन व समापन, उदघाटन सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, समापन समारोह अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, मैदान पर ध्वज लगाने संबंधी और कम्प्यूटर कार्य करने संबंधी समिति का गठन कर अधिकारी- कर्मचारियों को दायित्व सौंपे हैं।

## दीपोत्सव पर्व दीपावली आज

### लक्ष्मी पूजन को लेकर जोरदार तैयारियां


**तेंदूखेड़ा।** लक्ष्मी पूजन का महापर्व दीपोत्सव दीपावली पर्व लगभग सभी जगह आज ही मनाया जा रहा है।जिसे लेकर हर घर में विद्युत साज सज्जा के साथ रंगोली सहित विशेष तैयारियां की गई है। केले के पत्तों के साथ तोरणद्वारों मंगल कलश सजाये जा रहे हैं।फूल मालायें कमल फूल की बड़ी बड़ी दुकानें लगाई गई है।वहीं बाजार में भी अच्छी खासी रौनक बनी हुई है। पूजन को लेकर धनतेरस के दिन से ही तैयारियां शुरू हो गई है। बच्चों में भी अच्छा खासा उत्साह बना हुआ है।नये परिधान के साथ फटाखे फोड़ने को लेकर उत्सुकता बनीं हुई है। विशेष लग्न में पूजन किया जायेगा।इस बार दो दिन दीपावली को लेकर असमंजस बना हुआ है। कुछ लोग एक तारीख को भी दीपावली पर्व मना रहे हैं। दीपावली पूजन के उपरांत गोवर्धन पूजन तथा परम्परागत मढ़ई मेलों का आयोजन भी किया जायेगा।

# रैक प्वाइंट में एनएफएल कंपनी का 2 हजार 743 मी. टन डीएपी उर्वरक प्राप्त

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले को एनएफएल कम्पनी का 2 हजार 743 मी. टन डीएपी नरसिंहपुर रैक प्वाइंट पर 28 अक्टूबर को प्राप्त हुआ। किसानों को उक्त डीएपी का वितरण जिले के सभी डबल लॉक केन्द्रों, सेवा सहकारी समितियों, एमपी एग्रो नरसिंहपुर व पंजीकृत निजी विक्रेताओं से किया जायेगा। उक्त रैक में से डबल लॉक केन्द्र नरसिंहपुर 238 मी. टन, डबल लॉक केन्द्र करेली में 287 मी. टन, डबल लॉक केन्द्र गाडरवारा में 277.5 मी. टन, डबल लॉक केन्द्र सालीचैका 160 मी. टन, डबल लॉक केन्द्र गोटेगांव में 225 मी. टन, डबल लॉक केन्द्र करकबेल 150 मी. टन और सेवा सहकारी समितियों को 640 मी. टन भण्डारण में से दिया गया। इसके अतिरिक्त एमपी एग्रो नरसिंहपुर को 83 मी. टन डीएपी प्रदान किया गया है। शेष 397.5 मी. टन जिले के पंजीकृत निजी विक्रेताओं को आवंटित किया गया है। जिले के पंजीकृत निजी विक्रेता अनूप ट्रेडर्स करेली को 66 मी. टन, साहू कृषि केन्द्र इमलिया को 20 मी. टन, हीरा कृषक बाजार को 45 मी. टन, जैन ट्रेडिंग कंपनी गोटेगांव को 25 मी. टन, कृषि विकास केन्द्र करेली को 35 मी. टन, कृषि सेवा केन्द्र गाडरवारा को 40 मी. टन, महेन्द्र ब्रदर्स तेंदूखेड़ा, क्वालिटी सीडस एंड पेस्टीसाइड करेली को 45 मी. टन, राजेन्द्र ट्रेडर्स गोटेगांव को 20 मी. टन, विनीता कृषि केन्द्र इमलिया को 15 मी. टन, शिवशक्ति ट्रेडर्स नरसिंहपुर को 40 मी. टन, संजय कृषि मित्र गोटेगांव को 32.5 मी. टन, श्री मां कंट्रेक्शन राजमार्ग को 35 मी. टन, और विजय ट्रेडस धमना हरितक्रांति नरसिंहपुर को 25 मी.टन एनएफएल कंपनी के डीएपी को आवंटित किया गया है। इसी तरह सहकारी समिति सेवा सहकारी समिति नरसिंहपुर को 30 मी. टन, सेवा सहकारी समिति डांगीढाना को 25 मी. टन, सेवा सहकारी समिति करेली को 40 मी. टन, सेवा सहकारी समिति चारगांव को 40 मी. टन, सेवा सहकारी समिति करहैया- बचई को 25 मी. टन, सेवा सहकारी समिति उमरिया को 32.5 मी. टन, सेवा सहकारी समिति कामती को 35 मी. टन, सेवा सहकारी समिति गाडरवारा को 40 मी. टन, सेवा सहकारी समिति रामपिपरिया को 16 मी. टन, सेवा सहकारी समिति आमगांव को 16 मी. टन, सेवा सहकारी समिति बरहेटा को 20 मी. टन, सेवा सहकारी समिति सिवनीबंधा को 20 मी. टन, सेवा सहकारी समिति तेंदूखेड़ा को 20 मी. टन, सेवा सहकारी समिति ढिलवार को 20 मी. टन, सेवा सहकारी समिति सूरवारी को 20 मी. टन, सेवा सहकारी समिति बेदू को 20 मी. टन, सेवा सहकारी समिति शाहपुर को 32.5 मी. टन, सेवा सहकारी समिति केरपानी को 30 मी. टन, सेवा सहकारी समिति गोरखपुर को 20 मी. टन, सेवा सहकारी समिति ऊसरी को 20 मी. टन, सेवा सहकारी समिति सगोनी को 16 मी. टन, सेवा सहकारी समिति पचामा को 16 मी. टन, सेवा सहकारी समिति कमोद को 15 मी. टन, सेवा सहकारी समिति नयागांव को 16 मी.टन, सेवा सहकारी समिति मड़गुला को 16 मी. टन, सेवा सहकारी समिति बाबईकलां को 16 मी. टन और सेवा सहकारी समिति बिल्हेरा को 23 मी. टन डीएपी का भण्डारण कराया गया है। जिले में यूरिया 3808 मी. टन, सिंगल सुपर फास्फेट 2558 मी. टन, पोटाश 273 मी. टन एवं काम्प्लेक्स उर्वरक 316 मी. टन उपलब्ध है। जिले में रबी फसलों की बोवनी का कार्य लगभग प्रारंभ होने को है। अतरू जिले के समस्त किसानों से अपील की गई है कि वे अपने नजदीकी उर्वरक वितरण केन्द्र में आवश्यक दस्ष्तावेज के साथ जाकर मांग अनुसार डीएपी का उठाव करें।

# मृदा परीक्षण भवन सात वर्षों से खाली पड़ा



गोटेगांव।

खंडहर में तब्दील हुआप्रयोगशाला भवन का 2017 में हुआ था निर्माण, नहीं की गई कर्मियों की नियुक्तिहरिभूमि न्यूज गोटेगांव स्थानीय नगर में मृदा परीक्षण के लिए दो भवन बनकर तैयार खड़े हैं लेकिन मौजूदा हालत में दोनों ही भवन कर्मचारी ना होने से आज खंडहर बन चुके हैं नगर के शिक्षा विभाग के बाजू में मृदा परीक्षण केंद्र खोला गया था जिसको वर्तमान समय में गोदाम बना दिया गया है वह भी बदहाल स्थिति में पहुंच गया है जो हमेशा बंद रहता है दूसरे भवन को स्थानीय कृषि उपज मंडी के परिसर में किसानों के खेत की मिट्टी का परीक्षण करने के लिए मृदा परीक्षण भवन का निर्माण किया गया था। इस मृदा परीक्षण भवन का 2017 में तत्कालीन कृषि मंत्री एवं विधायक के द्वारा फीता काटा गया था। इस दिन ही उक्त भवन में नेता और अधिकारियों के कदम पड़े थे इसके बाद उक्त भवन में जो ताला लटकाया गया है वह अभी तक नहीं खुला है। इस मृदा परीक्षण प्रयोगशाला भवन की हालत जर्जर हो गई है जहां भवन के सभी कमरों की दीवारों में दरारें आ चुकी है जहां पर अंदर टाईल्स लगाए गए है। वह उखड़ कर नीचे गिर चुके है। वही खिड़कियों में जो कांच लगाए गए थे वह पापड़ की तरह टूट कर बिखर चुके है। शासन ने किसानों की सहूलियत के उद्देश्य से लाखों रुपए खर्च करके उक्त मृदा परीक्षण भवन का निर्माण कराया था वह पूरा नहीं हो सका और खाली भवन खडे.खडे.ही बदहाली का शिकार हो चुका है। वहीं कृषि उपज मंडी परिसर में मृदा परीक्षण केंद्र तो लगभग सात वर्ष पूर्व निमित्त हो कर तैयार है लेकिन आज तक यह शुरू नहीं हो सका। चूंकि प्रत्येक विकासखण्ड स्तर पर मिट्टी की जांच पड़ताल हेतु तत्कालीन केंद्र सरकार द्वारा यह केंद्र खुलवाए गए थे जिनका संचालन भी केंद्र से ही होना था लेकिन आज तक वह सुचारू रूप से शुरू नहीं हो पाया कृषि विभाग के अधिकारी कहते है कि इस प्रयोगशाला में कार्य करने वाले कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने के कारण निर्मित भवन में मिट्टी परीक्षण का कार्य चालू नहीं हो पाया। यह गोटेगांव क्षेत्र का दुर्भाग्य कहा जाए या उच्च अधिकारियों की लापरवाही दो भवन होने के उपरांत भी कर्मचारियों की तैनाती ना होने से किसानों को इसका उचित लाभ नहीं मिल पा रहा।

# फुटपाथ पट्टी पर टाइल्स लगाकर किया कब्जा

## जिम्मेदार अधिकारी बेखबर

हरिभूमि न्यूज गोटेगांव



स्थानीय प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते अतिक्रमण करने वालों के हौंसले बढ़ते ही जा रहे है। वहीं फुव्वारा चौक की मॉडल रोड की फुटपाथ पट्टी अतिक्रमण की चपेट में आ जाने से फुटपाथ पट्टी का उपयोग आमजन नहीं कर पाते है। तहसील कार्यालय के सामने मौजूद मॉडल रोड की पट्टी पर कुछ दुकानदारों ने पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। दुकानदारों ने फुटपाथ पट्टी जो आमतौर पर पैदल नागरिकों के आवागमन के लिए बनाई जाती है इसी पट्टी पर नाली के ऊपर पक्का सीसी कंक्रीट डालकर ऊपर से टाइल्स लगाकर पैदल नागरिकों का रास्ता रोक दिया गया है। वहीं कुछ दुकानदारों ने पक्का टीन शेड का निर्माण फुटपाथ पट्टी के बाहर तक कर रखा है।तहसील कार्यालय के सामने पट्टी पर अतिक्रमण कर लगी दुकानों के कारण मॉडल रोड पर भी कई वाहन खड़े रहते हैं। जिसके कारण यह सड़क मार्ग उक्त हिस्से में बहुत संकीर्ण हो जाता है। जनपद पंचायत कार्यालय के सामने वाले हिस्से में भी अतिक्रमण की बाढ़ लगी हुई है।आए दिन सड़क पर अवैध अतिक्रमण करने वाले की संख्या बढ़ती जा रही है वहीं स्थानीय शासन प्रशासन की उदासीनता के कारण हर जगह पर अतिक्रमण करने वालों के हौंसले बुलंद है। जबकि उक्त स्थल पर तहसील भवन,सिविल कोर्ट, जनपद कार्यालय सहित प्रमुख कार्यालय मौजूद है और यहां से प्रतिदिन उच्च अधिकारियों का आना-जाना लगा रहता है फिर भी वह इस अतिक्रमण को अनदेखा कर निगाहें फेर लेते हैं वहीं आम नागरिकों ने मांग कि है उक्त फुटपाथ पट्टी के ऊपर पक्का निर्माण कर बनाए गए अवैध टीन शेड को हटाए एवं दुकानदारों के द्वारा बंद की गई पैदल फुटपाथ पट्टी को पुनः सुचारू रूप से चालू कराए।